<u>उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ।</u>

परिपत्रॉक : 44789/ग्रे0सेल एवं बीमा/17-18 दिनांक :20-07-2017

समस्त प्रबन्धक श्रेणी-1/ 2,
उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,
<u>उत्तर प्रदेश</u>।

अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि कतिपय कर्मचारियों द्वारा ग्रेच्युटी एवं भविष्य निर्वाह निधि के नामांकन प्रपत्र भरकर प्र0का0 को उपलब्ध नहीं कराये गये हैं जिससे मृतक कर्मचारियों के देयों के भुगतान में अनावश्यक कठिनाई हो रही है जबकि प्र0 का0 के परिपत्रॉक-सी-48603-06/ग्रे0से0एवंबीमा/2017-18 दिनॉक 15.07.2016 द्वारा आपसे अपेक्षा की गयी थी कि आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से नामांकन प्रपत्र के प्रारूप को दो प्रतियों में भरवाकर तथा उस पर नामांकित व्यक्ति/व्यक्तियों की फोटो कर्मचारी द्वारा प्रमाणित हो जाने के उपरान्त प्रतिहस्ताक्षरित कर ग्रेच्युटी सेल एवं बीमा अनुभाग को उपलब्ध करा दें परन्तु अब भी कतिपय पुराने एवं नव-नियुक्त कर्मचारियों द्वारा उपरोक्त नामांकन प्रपत्र भर कर प्रेषित नहीं किये गये हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि शाखा के जिन कर्मचारियों द्वारा अभी तक नामांकन प्रपत्र नहीं भरे गये हैं, उनसे नामांकन प्रपत्र के प्रारूप को दो प्रतियों में भरवाकर तथा नामांकित व्यक्ति की फोटो सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त उसे प्रति-हस्ताक्षरित कर विलम्बतम् 15 दिनों के भीतर ग्रेच्युटी सेल एवं बीमा अनुभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें अन्यथा स्थिति में यदि आपकी शाखा पर कार्यरत किसी अधीनस्थ कर्मचारी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है तो उनके देयों के भुगतान में अनावश्यक समय एवं धन का अपव्यय होगा। विशेषकर नव-नियुक्त कर्मचारियों को इस सम्बन्ध में अवश्य निर्देशित कर दें कि वे निर्धारित समय में अपने नामांकन की कार्यवाही अवश्य पूर्ण करा लें।

ह0/-
(के0पी0सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

<u>प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> -

(1) समस्त अधिकारीगण, उ0 प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रधान कार्यालय, लखनऊ को उनके अधीनस्थ कार्यरत समस्त कर्मचारियों के सम्बन्ध में नामांकन सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराने के सम्बन्ध में।
(2) महाप्रबन्धक (प्रशिक्षण), उ0 प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ।
(3) उप महाप्रबन्धक(कम्प्यूटर), उ0 प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, प्र0 का0, लखनऊ को समस्त शाखाओं को ई-मेल द्वारा प्रेषित करने हेतु।

ह0/-
महाप्रबन्धक (ग्रेच्युटी)